

तीसरे क्वार्टर में 2-1 की बढ़त

मारिया बैरियोन्यूवो ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाने के लिए एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में कन्वर्ट किया। इसी गोल के साथ उन्होंने बढ़त भी बनाई। तीसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना की टीम काफी आक्रामक नजर आ रही है। अर्जेंटीना ने अपना गेम प्लान चेंज किया है। पहले वो गेम को स्लो-स्लो आगे ले जा रही थी मगर दूसरे क्वार्टर के बाद काफी तेज खिलाड़ी भारतीय घेरे के नजदीक आ रहे थे। उन्होंने गोल करने के कई मौके भी बनाए मगर भारतीय डिफेंडरों ने अच्छा डिफेंड दिखाया।

## हारकर भी हीरे जैसी चमक गईं हमारी ये लड़कियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हम हार की बात नहीं करेंगे। क्योंकि यह हार नहीं है। क्या हुआ सोना या चांदी हाथ में नहीं है। हमारे पास हीरे हैं। ऐसे हीरे जो ओलिंपिक में चमके हैं। पूरी दुनिया को उन्होंने अपनी चमक दिखाई है। भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से 2-1 से हार गई। पर ब्रॉन्ज का मौका उनके पास अभी भी है। अर्जेंटीना की तेजतर्रार टीम के मुकाबले जिन्हें कहीं भी मुकाबले में नहीं माना जा रहा था, उन लड़कियों ने क्या गजब खेल दिखाया। आखिरी 10 सेकंड तक उन्होंने विपक्षी टीम की धड़कनें बढ़ाए रखीं। ये लड़कियां हारकर भी हमारा ही नहीं, दुनिया का भी दिल जीत गईं। पहले पांच मिनट में भारतीय हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को हैरान कर दिया। गुरजीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि इसके बाद अर्जेंटीना ने हिसाब बराबर कर दिया। मारिया बैरियोन्यूवो ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में अर्जेंटीना को बढ़त दिलाने के लिए एक और पीसी को कन्वर्ट किया।

# बॉक्सिंग में लवलीना बोरगोहेन सेमीफाइनल में हारीं, मिला कांस्य पदक

**तोक्यो ओलिंपिक**

### नीरज चोपड़ा ने जैवलीन थ्रो के पहले प्रयास में 86.65 मीटर दूर भाला फेंका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तोक्यो ओलिंपिक खेलों के जैवलीन थ्रो स्पर्धा में भारत के पदक के दावेदार नीरज चोपड़ा ने पहले ही प्रयास में क्वालीफाइंग मार्क से कहीं अधिक दूर भाला फेंक मेडल की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। नीरज ने शान से फाइनल में जगह बनाई है। दूसरी ओर पहलवान रवि दहिया और दीपक पूनिया ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि बॉक्सर लवलीना ने कांस्य पदक अपने नाम किया।



भारत की अंशु मलिक रेपचेज राउंड से तोक्यो ओलिंपिक कांस्य पदक की दौड़ में। पहले दौर में उनकी प्रतिद्वंद्वी बेलारूस की इरिना कुराचिकिना फाइनल में पहुंचीं। भारत की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन को महिला वेल्टरवेट वर्ग (69 किग्रा) के सेमीफाइनल में तुर्की की मौजूदा विश्व चैंपियन बुसेनाज सुरमेनेली के खिलाफ शिकस्त के साथ कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

ओलिंपिक में पदार्पण कर रही विश्व चैंपियनशिप की दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना के खिलाफ बुसेनाज ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और सर्वसम्मति से 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रही। तोक्यो खेलों में यह भारत का तीसरा पदक है। इससे पहले भारोत्तोलन में मीराबाई चानू ने रजत जबकि बैडमिंटन में पीवी सिंधू ने कांस्य पदक जीता। लवलीना का पदक पिछले नौ वर्षों में भारत का ओलंपिक मुक्केबाजी में पहला पदक है।

लवलीना ओलंपिक मुक्केबाजी प्रतियोगिता फाइनल में जगह बनाने वाली पहली भारतीय मुक्केबाज बनने के लिए चुनौती पेश कर रही थी लेकिन विश्व चैंपियन बुसेनाज ने उनका सपना तोड़ दिया।

भारतीय मुक्केबाज के पास तुर्की की खिलाड़ी के दमदार मुक्कों और तेजी का कोई जवाब नहीं था। इस बीच हड़बड़ाहट में भी लवलीना ने गलतियां कीं। क्वार्टर फाइनल में लवलीना हालांकि चीनी ताइपे की पूर्व विश्व चैंपियन नीन चिन चेन को हराकर पहले ही पदक पक्का कर चुकी थी।

असम की 23 वर्षीय लवलीना ने विजेंदर सिंह (बीजिंग 2008) और एमसी मैरकॉम (लंदन 2012) की बराबरी की। विजेंदर और मैरीकॉम दोनों ने कांस्य पदक जीते थे। तुर्की की मुक्केबाज 2019 चौंपियनशिप में विजेता रही थी जबकि उस प्रतियोगिता में लवलीना को कांस्य पदक मिला था। तब इन दोनों के बीच मुकाबला नहीं हुआ था।

# कोलकाता के लिए बड़ी खुशखबरी, यूएई में दूसरे हाफ में खेलेगा यह स्टार खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आइपीएल 2021 का दूसरा हाफ 19 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा। इससे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए अच्छी खबर सामने आई है। कप्तान इयोन मोर्गन ने पुष्टि कर दी है कि वह टूर्नामेंट के 14वें सत्र के दूसरे हाफ में हिस्सा लेंगे। बता दें कि बांग्लादेश के खिलाफ सितंबर-अक्टूबर में होने वाली तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज को इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने स्थगित कर दी है। इसके बाद इंग्लैंड के कप्तान ने यह जानकारी दी है। इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी आइपीएल 2021 के दूसरे हाफ में हिस्सा लेंगे या नहीं? इसे लेकर मोर्गन ने कहा कि यह

> आइपीएल 2021 का दूसरा हाफ 19 सितंबर से यूएई में खेला जाएगा

सभी का निजी फैसला होगा।

मोर्गन फिलहाल द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट की ओर से खेल रहे हैं। मंगलवार को उनकी टीम को नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स से हार का सामना करना पड़ा। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार इस मैच के बाद उन्होंने पुष्टि की कि आइपीएल के बाकी बचे मैचों में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने आइपीएल में खेलने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ियों के लिए कहा कि बांग्लादेश दौरा स्थगित होने के बाद वे लीग में शामिल होना है या नहीं, यह पूरी तरह से उनका व्यक्तिगत फैसला होगा। मोर्गन ने कहा कि उनका मानना है कि बांग्लादेश से सीरीज खेलना या आइपीएल खेलना दोनों ही खिलाड़ियों के लिए फायदेमंद होगा। अगर टीम बांग्लादेश जाती तो हम उन परिस्थितियों में खेलते, जो हमारे लिए बिल्कुल अलग होती। वहीं आइपीएल में खेलने के लिए यूएई जाते हैं तो उन्हें इस साल होने वाले टी20 विश्व कप जैसे हालात में खेलने का मौका मिलेगा। बांग्लादेश से सीरीज स्थगित होने के बाद अगर कुछ खिलाड़ी आराम करना चाहते हैं , तो वे ऐसा कर सकते हैं। पिछले महीने, बीसीसीआइ ने यूएई में होने वाले आइपीएल 2021 के बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा। 27 दिनों की अवधि में कुल 31 मैच खेले जाएंगे। कोरोना के कारण 14वें सीजन को गत मई में स्थगित कर दिया गया था।

## बांग्लादेश ने टी-20 में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को दी मात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश ने 5 मैचों की सीरीज के पहले टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 23 रनों से हरा दिया। यह उसकी ऐतिहासिक जीत है। उसने इंटरनैशनल टी-20 इतिहास में पहली बार कंगारू टीम को हराया है। उसकी इस जीत के हीरो नसुम अहमद रहे। उन्होंने 19 रन देकर 4 विकेट झटकते हुए मेहमानों को घुटने पर ला दिया। मैच में बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट पर 131 रन बनाए। उसके लिए सबसे अधिक शाकिब अल हसन ने 36 और मोहम्मद नईम ने 30 रन की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे अधिक मिशेल मार्श ने 45 रनों की पारी खेली। मार्श के अलावा मैथ्यू वेड ने 13 और मिशेल स्टार्क ने 14 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के 8 बल्लेबाज अंडर-10 लौटे। टी-20 वर्ल्ड कप को देखते हुए इस तरह की हार ऑस्ट्रेलिया के लिए जरूर परेशानी है। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 4 बार आमना-सामना हुआ था। यह जीत बांग्लादेश के लिए दम भरने वाली है।

## न्यूज डायरी



### भारत और इंग्लैंड की टीम के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारत और मेजबान इंग्लैंड की टीम के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज हो चुका है। सीरीज के पहले टेस्ट मैच में नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर इंग्लैंड की टीम के कप्तान जो रूट ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और पहले बल्लेबाजी करते हुए खबर लिखे जाने तक 21 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 42 रन बना लिए हैं। इस वक्त क्रीज पर डोम सिब्ली और जो रूट हैं। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम को पहला झटका पहले ही ओवर में लगा जब बिना खाता खोले रोरी बर्न्स जसप्रीत बुमराह की गेंद पर सड़ू आउट हो गए। हालांकि, इसके बाद डोम सिब्ली और जैक क्राउले ने टीम को संभाला और स्कोर को 40 के पार भेजा। हालांकि, टीम के 42 रन के स्कोर पर जैक क्राउले 68 गेंदों में 27 रन बनाकर मोहम्मद सिराज की गेंद पर रिषभ पंत के हाथों कैच आउट हुए। ये मुकाबला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी के नए चक्र का पहला मुकाबला है।

### 24 अक्टूबर को हो सकता है भारत और पाकिस्तान का मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप की भिड़ंत 24 अक्टूबर को रविवार के दिन होने की संभावना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद हालांकि टूर्नामेंट का अधिकृत कार्यक्रम कुछ दिनों में जारी करेगा। पता चला है कि आईसीसी अंतिम कार्यक्रम पर फैसला करने से पहले सामान्य तौर पर कार्यक्रम के दो से तीन सेट रखता है। लेकिन भारत-पाक मुकाबले की लोकप्रियता को देखते हुए यह हफ्ते के अंत कराया जा सकता है। इसकी जानकारी रखने वाले आईसीसी बोर्ड के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'अभी तक रविवार 24 अक्टूबर के विकल्प की संभावना है क्योंकि पहले हफ्ते के क्वालीफाइंग मैच 17 अक्टूबर से ओमान के मस्कट में शुरू होंगे।' उन्होंने कहा, 'इसलिए जब मुख्य राउंड रोबिन के मुकाबले खेल जायेंगे तो भारत-पाक मैच से शुरुआत करना अच्छा होगा जो 'टीआरपी' के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा।'

### टी20 क्रिकेट के महान खिलाड़ी ने खेला अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज की टीम जब मेहमान टीम पाकिस्तान के खिलाफ चौथा टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने उतरी तो इससे पहले टॉस के दौरान कैरेबियाई टीम के कप्तान किरोन पोलार्ड ने जानकारी दे दी थी कि उनकी टीम के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो का ये आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच वेस्टइंडीज की सरजमीं पर है। टी20 क्रिकेट का ये महान खिलाड़ी शायद आइसीसी टी20 विश्व कप 2021 के बाद संन्यास लेने जा रहा है। दरअसल, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बीच चार मैचों की टी20 सीरीज का आयोजन हुआ। हालांकि, इस सीरीज का एक ही मुकाबला पूरा हो पाया, क्योंकि तीन मैच बारिश में धुल गए। यहां तक कि सीरीज शुरू में पांच मैचों की थी, लेकिन बाद में इसे चार मैचों की कर दिया गया और चार मैचों में से तीन मैच बारिश में धुल गए।

### ओली पोप के पहले टेस्ट मैच से बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 4 अगस्त से शुरू हो रही है, लेकिन इस मैच से दो दिन पहले भारत को ओपनर मयंक अग्रवाल के रूप में झटका लगा था, जबकि इंग्लैंड को मध्य क्रम के बल्लेबाज ओली पोप के रूप में बड़ा झटका लगा है। मयंक अग्रवाल की तरह ओली पोप भी चोट की वजह से पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। हालांकि, दोनों की चोट अलग-अलग है। मयंक अग्रवाल को जहां सिर पर गेंद लगी थी। वहीं, ओली पोप को जांघ में परेशानी है। इतना ही नहीं, ओली पोप के पहले टेस्ट मैच से बाहर होने के बाद जॉनी बेयरस्टो की किस्मत खुल गई है, क्योंकि उनको टेस्ट टीम में शामिल कर लिया गया है। पोप के रिप्लेसमेंट के तौर पर बेयरस्टो को टीम में जगह मिली है।